Regarding need to construct a wall along coastal area of Palghar district in Maharashtra to prevent soil erosion-Laid

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : पालघर, महाराष्ट्र का तटीय जिला है जो पश्चिम में अरब सागर और पूर्व में सह्याद्रि पर्वत से घिरा हुआ है । हाल के दशकों में महाराष्ट्र के पश्चिमी तट पर तटीय कटाव तेज़ी से हुआ है । इसमें पालघर ज़िले के समुद्री तट भी शामिल है । समुद्र से लगे इन क्षेत्रों में समुद्री लहरे तेज़ी से बाहर मिट्टी तक आती है और अपनी लहरो के साथ मिट्टी का कटाव करते हुए समुद्र में ले जाती है । समय समय पर बड़े और अधिक विनाशकारी तूफानी लहरो के कारण और अधिक तीव्रता से मिट्टी का कटाव होने की संभावना रहती है । मिट्टी के कटाव और समुद्री जल के मिट्टी में प्रवेश को रोकने के लिए क्रीक बांध और समुद्री दीवार बनाने की आवश्यकता है जिससे इस क्षेत्र की मिट्टी को समुद्री लहरों से बचाया जा सके और तटीय कटाव को रोका जा सके । मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि पालघर जिले में मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए समुद्री दीवार बनाने के लिए सम्बंधित विभागों से अनुमति जारी करते हुए समुद्री दीवार बनाने के लिए फंड जारी करने की कृपा करे ।